हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
नवाबगंज, कानपुर – 208002, उ.प्र., भारत
HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY
NAWABGANJ, KANPUR - 208002, U.P., INDIA
(Formerly Harcourt Butler Technological Institute, Kanpur)
Phone : +91-0512-2534001-5, 2533812, website : http://www.hbtu.ac.in, Email : vc@hbtu.ac.in

100 YEARS 1921 - 2021

ACCREDITED WITH GRADE A+ NAAC

पत्रांक 623/शैक्षिक/षष्ट्म दीक्षान्त समारोह/2024 दिनांक सितम्बर 09, 2024

प्रिय छात्र/छात्रा,

हर्ष के साथ सूचित करना है कि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में बी0टेक0/बी0टेक0 (क्षैतिज प्रवेश)/एम0टेक0/एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 /एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं हेतु **षष्ट्म दीक्षान्त समारोह दिनांक सितम्बर 27, 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे शताब्दी भवन, पश्चिमी प्रांगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से रिर्हसल में सहभाग करना होगा जो दिनांक सितम्बर 26, 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे नियत किया गया है।** इस सम्बन्ध में उपाधि धारकों को सूचित करना है कि षष्ट्म दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए **दिनांक 23/08/2024 से 15/09/2024** के मध्य पंजीकरण कराना आवश्यक है। पंजीकरण हेतु पंजीकरण लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.hbtu.ac.in) के दीक्षान्त समारोह “Sixth Convocation” के टैब पर उपलब्ध है। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी आवश्यक अन्य सूचनायें भी "दीक्षान्त समारोह" टैब पर समय–समय पर अपडेट की जायेगीं।

सूचित हों कि सभी उपाधि धारकों को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित वेशभूषा (ड्रेस) जिसमें छात्रों को सफेद कुर्ता–पैजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–सूट में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उत्तरी एवं साफा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका शुल्क रु0 500/– देय होगा (परिधान छात्र–छात्रा अपने साथ ले जा सकेगें)। परिधान शुल्क पंजीकरण के बाद ही देय होगा, उससे सम्बधी दिशा–निर्देश पंजीकरण लिंक **https://hbtu.samarth.edu.in/convocation/index.php/convocation/convocation-user/registration-instruction** के टैब के बिन्दु सं0 6 पर उपलब्ध है।

सभी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रायें दिनांक सितम्बर 27, 2024 को पूर्वान्ह 09:30 बजे तक शताब्दी भवन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। छात्र–छात्राओं को ये भी सूचित किया जाता है कि दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग करने के लिए Convocation pass का होना अति आवश्यक है। Convocation pass पंजीयन एवं शुल्क जमा करने के उपरान्त HBTU Convocation portal (**https://hbtu.samarth.edu.in/convocation/index.php/convocation/convocation-user/registration-instruction**) के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकेगा। निर्धारित समय के बाद तथा बिना पोशाक एवं उत्तरीय धारण किये छात्रों को सभागार में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

पदक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को दीक्षान्त समारोह में माता–पिता अथवा पति/पत्नी को सम्मिलित करने हेतु पूर्वानुमति आवश्यक होगी। ये पूर्वानुमति सीमित संख्या में convocation@hbtu.ac.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप